प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 16.01.2025

थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ

सोशल मीडिया में मारपीट का वीडियो वायरल होने पर प्रतापगढ़ पुलिस की त्वरित कार्यवाही।

राह चलते लोगो से मारपीट, गाली गलौज, धमकी / जबरन वसूली कर उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर समाज में भय व्याप्त करने वाले के विरुद्ध की गयी सख्त कार्यवाही

लोगो को फर्जी मुकदमें में फसाने व उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के नाम पर करता है ब्लैकमेल

आरोपी द्वारा थाना फतनपुर क्षेत्रान्तर्गत वीरापुर पुल के पास ग्राम तरोईडीह के पास युवक के साथ की गई थी मारपीट
थाना फतनपुर पुलिस द्वारा मारपीट करने वाले को किया गया गिरफ्तार
एसपी डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना फतनपुर में 02 नामजद अभियुक्तों व 01 अज्ञात के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था
कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टालरेंस नीति के तहत थाना फतनपुर पुलिस का कड़ा एक्शन।

सोशल मीडिया में एक युवक के साथ कुछ व्यक्तियों द्वारा मारपीट करने का वीडियो वायरल होने पर प्रकरण को तत्काल संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना फतनपुर पुलिस द्वारा वायरल वीडियो की जांच की जा रही थी।
दिनांक 08.01.2025 को 01 युवक को आरोपियों द्वारा घेरकर थाना फतनपुर क्षेत्रान्तर्गत वीरापुर पुल के पास हाकी व डण्डा से मारपीट करने के संबंध में पीड़ित पक्ष से तहरीर प्राप्त होने पर थाना फतनपुर में अन्तर्गत धारा 115(2), 352, 351(3), 324(4), 126(2), 308(5) बी0एन0एस बनाम 02 नामजद व 01 अज्ञात व्यक्ति का अभियोग पंजीकृत किया गया था, नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री राकेश कुमार राय थाना फतनपुर के नेतृत्व में उ0नि0 प्रभांशू कुमार राय मय हमराह हे0कां0 राजेश कुमार यादव, कां0 विवेक यादव द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान,

धारा 115(2), 352, 351(3), 324(4), 126(2), 308(5) बी0एन0एस से संबंधित 01 वांछित को दिनांक 16.01.2025 थानाक्षेत्र के ग्राम वसीराहा प्राथमिक विद्यालय के पास तिराहा से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 प्रभांशू कुमार राय मय हमराह हे0कां0 राजेश कुमार यादव, कां0 विवेक यादव थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़।

बयान- कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कड़ी कार्यवाही करने के लिए प्रतापगढ़ पुलिस प्रतिबद्ध है। बड़े-बुजुर्गों से अपील है कि वह अपने बच्चों को गैरकानूनी कार्य करने से रोकें। जो भी व्यक्ति अराजकता फैलाकर कानून-व्यवस्था को प्रभावित करेगा या कोशिश करेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
डॉ0 अनिल कुमार,
पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़।

थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा चोरी की घटना से संबंधित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत यादव पट्टी जाने वाले रास्ते से 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद साइकिल बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण-
थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत मुंदीपुर लाइब्रेरी के पास से साइकिल चोरी होने के प्रकरण में वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 15.01.2025 को थाना मानिकपुर में मु0अ0सं0 10/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात व्यक्ति का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री मनीष कुमार त्रिपाठी थाना मानिकपुर के नेतृत्व में उ0नि0 संजय कुमार मय हमराह का० रामकिशन राणा व का० राजेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना सांगीपुर के मु0अ0सं0 10/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 से संबंधित 01 अभियुक्त आशीष शर्मा पुत्र स्व0 बडेलाल शर्मा निवासी ग्राम रूप का पुरवा, ऐंधा, हीरागंज थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना मानिकपुर

क्षेत्रान्तर्गत यादव पट्टी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियक्त के कब्जे से 01 अदद चोरी की साइकिल बरामद किया गया।

उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1- आशीष शर्मा पुत्र स्व0 बडेलाल शर्मा निवासी ग्राम रूप का पुरवा, ऐंधा, हीरागंज थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी- 01 अदद चोरी की साइकिल बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-
उ0नि0 संजय कुमार मय हमराह का० रामकिशन राणा व का० राजेश कुमार थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़।